552. 'मुगती' नामक कविता संग्रह के रचयिता हैं -
(a) कीर्ति शर्मा
(b) मीठेश निर्मोही
(c) विजय शर्मा
(d) आशा पाराशर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (b) : 'मुगती' नामक कविता संग्रह के रचयिता मीठेश निर्मोही हैं। इनकी अन्य कविताएँ हैं - ओ मृत्यु, भरोसा, गुर्राती भी है मानसी, जैसे टूट पड़ती हैं टिड्डियाँ और खेजड़ी।

553. केसरी सिंह बारहठ ने 'चेतावनी रा चुंगटिया' किसको सम्बोधित करके लिखा?
(a) महाराणा प्रताप सिंह (b) महाराणा फतेह सिंह
(c) महाराणा अजीत सिंह (d) मिर्ज़ा राजा जयसिंह

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (b) : ठाकुर केसरी सिंह बारहठ उच्च कोटि के विद्वान थे। ये कवि श्यामलदास से काफी प्रभावित थे। इन्होंने 'चेतावनी रा चूंगटिया' उदयपुर के महाराणा फतेह सिंह को संबोधित करके लिखा था। इसमें 13 सोरठे शामिल है।

554. How many volumes are there in 'Batan Ri Phulwari'?
'बातां री फुलवारी' कितने खण्डों में विभक्त है?
(a) 8 (b) 10
(c) 14 (d) 16

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (c) : बातां री फुलवारी 14 खंडों में विभाजित रचना है। इसके रचनाकार विजयदान देथा थे। इन्होंने राजस्थानी लोककथाओं को नया आयाम दिया था। इन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। इनकी कई कथाओं पर फिल्में बनी हैं। जैसे परिणति और पहेली। वर्ष 2013 में इनकी मृत्यु हो गई।

555. विजय सिंह पथिक ने किस समाचार पत्र के माध्यम से बिजौलिया किसान आन्दोलन का प्रचार पूरे भारत में कर दिया था?
(a) नवीन राजस्थान
(b) तरुण राजस्थान
(c) युगान्तर
(d) प्रताप

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (d) : बिजौलिया किसान आंदोलन, भारत का प्रथम सफल अहिंसक किसान आंदोलन था, जो विजय सिंह पथिक के निर्देशन में किया गया। गणेश शंकर विद्यार्थी द्वारा कानपुर से 'प्रताप' अखबार निकालकर इस आंदोलन का प्रचार किया गया। इस अखबार की जाँच हेतु बिंदुलाल भट्टाचार्य आयोग गठित किया गया था। विजय सिंह पथिक ने राजस्थान केसरी, नवीन राजस्थान एवं तरुण राजस्थान नामक पत्रों का संपादन किया था।

556. पुस्तक 'संस्कृति री सनातन दीठ' के लेखक कौन है?
(a) डॉ. सत्यनारायण (b) अर्जुन देव चारण
(c) आईदान सिंह भाटी (d) भँवर सिंह सामौर

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (d) : पुस्तक 'संस्कृति री सनातन दीठ' के लेखक भँवर सिंह सामौर हैं। चुरु के भँवर सिंह सामौर को उनकी पुस्तक के लिए राजस्थानी में साहित्य अकादमी पुरस्कार 2020 प्रदान किया गया।

557. ''भरतपुर बर्ड पैराडाइज'' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(a) डॉ. के.एल. राठौर (b) एम.डी. चतुर्वेदी
(c) मार्टिन इवांस (d) कैलाश सांखला

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (c) : 'भरतपुर बर्ड पैराडाइज' पुस्तक के लेखक मार्टिन इवाँस है। केवलादेव पक्षी अभ्यारण्य को पहले भरतपुर पक्षी अभ्यारण्य के नाम से जाना जाता था। 1985 में इसे यूनेस्कों द्वारा विश्व प्राकृतिक धरोहर की सूची में शामिल किया गया। इस अभ्यारण्य को 'पक्षियों का स्वर्ग' कहा जाता है।

558. ''भगत आन्दोलन'' शीर्षक के नाम से पुस्तक के लेखक है-
(a) जी.एन. शर्मा (b) वी.के. वशिष्ठ
(c) रीमा हूजा (d) पेमाराम

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (b) : ''भगत आन्दोलन'' दक्षिणी राजस्थान के भीलों के सांस्कृतिक परिवर्तन एक अध्ययन के लेखक विजय कुमार वशिष्ठ है। गोविंद गुरू ने भगत आन्दोलन राजस्थान में शुरू किया था। इस आन्दोलन का प्रमुख उद्देश्य-आदिवासियों के नैतिक चरित्र, आदतों और धार्मिक अभ्यास को सुधारने की दिशा में काम करना था। यह आन्दोलन मेवाड़, दुर्गापुर, गुजरात, विजयनगर और मालवा क्षेत्रों में फैल गया।

559. निम्न में किस राजपूत शासक द्वारा 'नेह तरंग' रचित है?
(a) राजा सावन्तसिंह (नागरीदास)
(b) महाराजा जसवन्तसिंह
(c) महाराजा रायसिंह
(d) राव बुद्धसिंह

RPSC-2017

Ans. (d) : राव अनिरूद्ध सिंह का पुत्र राव बुद्धसिंह 1695ई. में बूंदी का शासक बना। बुद्धसिंह के जयपुर सिंह के विरूद्ध अभियान पर न जाने के कारण मुगल शासक फर्रूखशियर ने बूंदी का नाम फर्रूखाबाद रखा। राव बुद्ध सिंह ने नेह तरंग नामक ग्रंथ की रचना की थी।

560. राजस्थान भाषा के छन्दों के आधार पर रचित 'पिंगल सिरोमणि' ग्रन्थ के रचयिता हैं
(a) किसना आढ़ा (b) ईसर दास
(c) करणीदान कविया (d) कुशल लाभ

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (d) : राजस्थान भाषा के छन्दों के आधार पर रचित 'पिंगल सिरोमणि' ग्रन्थ के रचयिता कुशल लाभ है। डिंगल भाषा का सर्वप्रथम प्रयोग कुशल लाभ द्वारा पिंगल सिरोमणि में किया गया। डिंगल मारवाड़ी की साहित्यिक शैली है। इसमें जो शब्द जिस तरह बोला जाता है, ठीक, उसी तरह लिखा जाता है। राजस्थान के चारण कवि बंकीदास और सूर्यमल्ल मिश्रण ने अपनी रचनाओं में डिंगल भाषा का प्रयोग किया है।

561. ''वंश भास्कर'' किस भाषा में लिखा गया है?
(a) डिंगल (b) संस्कृत
(c) अपभ्रंश (d) हाडौती

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II